

राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
बिहार लोक भवन, पटना–800022

संख्या–238/2026

प्रेस–विज्ञप्ति

बिहार लोक भवन में महिला इमदाद कमिटी की आम सभा की बैठक सम्पन्न हुई

पटना 05 नवम्बर, 2026 :– माननीय लेडी गवर्नर श्रीमती सबीहा हसनैन की अध्यक्षता में आज बिहार लोक भवन में महिला इमदाद कमिटी की आम सभा की बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी महीनों में कमिटी द्वारा संचालित किए जाने वाले विभिन्न कार्यक्रमों एवं गतिविधियों के संबंध में विस्तारपूर्वक विचार–विमर्श किया गया।

बैठक में लेडी गवर्नर ने कहा कि महिला इमदाद कमिटी द्वारा मानसिक स्वास्थ्य विषयक दो दिवसीय सेमिनार तथा बिहार लोक भवन के पदाधिकारियों एवं कर्मियों के लिए सीपीआर प्रशिक्षण शिविर का आयोजन अत्यंत उपयोगी एवं सराहनीय रहा।

बैठक में गरीब एवं जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल एवं स्वेटर आदि का वितरण करने, मेडिकल कैंप एवं आर्ट एण्ड क्राफ्ट कार्यशाला आयोजित करने तथा बिहार लोक भवन में रक्तदान शिविर का आयोजन करने पर विचार–विमर्श किया गया। इसके अतिरिक्त, स्लम क्षेत्रों में रहने वाले गरीब एवं जरूरतमंद बच्चों के शैक्षणिक एवं सामाजिक उत्थान के लिए कार्य करने सहित कमिटी के आगामी कार्यक्रमों एवं अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर भी चर्चा की गई।

बैठक में बिहार लोक भवन के पदाधिकारीगण तथा महिला इमदाद कमिटी के पदाधिकारी एवं सदस्यगण उपस्थित थे।

उल्लेखनीय है कि लेडी गवर्नर महिला इमदाद कमिटी, बिहार लोक भवन, पटना की पदेन अध्यक्ष होती हैं।

.....